* U A - 0 6 0 3 *

UA-0603

First Year B. Com. Examination

February/March – 2012

Hindi Compulsory

Time : Hours] [Total Marks :

सूचना :

(१)

નીચે દર્શાવેલ ☛ નિશાનીવાળી વિગતો ઉત્તરવહી પર અવશ્ય લખવી.
Fillup strictly the details of ☛ signs on your answer book.

Name of the Examination :
☛ **F. Y. B. Com.**

Name of the Subject :
☛ **HINDI COMPULSORY**

☛ Subject Code No. : **0 6 0 3** ☛ Section No. (1, 2,.....) : **NIL**

Seat No. :

Student's Signature

(२) सभी प्रश्नों के सामने उसके निश्चित अंक दिये गये है।

१ निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर निबंध लिखिए : ९

(१) व्यापार और विज्ञापन

(२) वर्षाऋतु

(३) मेरा प्रिय खेल

(४) भ्रष्टाचारः राष्ट्र का महारोग

२ कहानी के तत्त्वों के आधार पर 'जहाँ लक्ष्मी कैद है' कहानी का मूल्यांकन कीजिए। ८

अथवा

२ 'उसने कहा था' कहानी के आधार पर लहन सिंह का चरित्रांकन कीजिए। ८

३ (अ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर टिप्पणियाँ लिखिए ८

(१) 'मक्रील' कहानी का संदेश।

(२) 'दोपहर का भोजन' कहानी का कथ्य।

(३) 'चीफ की दावत' कहानी में निहित व्यंग्य।

(४) 'गुण्डा' कहानी का शीर्षक

(ब) ससंदर्भ व्याख्या कीजिए ५

"हम समझते हैं इसकी चालाकी। जब हमारे सारे पैसे खर्च हो जायेंगे, तो हमें ललचा–ललचाकर खायगा।"

अथवा

"क्यों बाबू साहब, आज रानी पन्ना का नाम सुनकर आपकी आँखों में आँसू क्यों आ गये ?"

(क) किन्हीं **पाँच** वाक्यों के शुद्ध रुप लिखिए ५

(१) दक्षिता का आवाज मधुर है।

(२) श्रीकृष्ण के अनेकों नाम है।

(३) उनका मृत्यु हुआ।

(४) मुझे भारी काम है।

(५) तुम्हारे से कौन बोलता है ?

(६) उसने गाने की कसरत की।

(७) वह घर में कौन रहता है ?

४ (अ) सूरत से आपका माल रेल्वे से आया था, जिसमें से कुछ माल कम है। रेल्वे अधिकारी को शिकायती पत्र लिखिए। ७

अथवा

(अ) शाह एण्ड शर्मा कंपनी, स्टेशन रोड, अहमदाबाद को विभिन्न कंपनी के कम्प्यूटर संबंधी मूल्यसूची मांगते हुए पत्र लिखिए।

(ब) श्री एम. आर. आर्ट्स एण्ड सायन्स कॉलेज, राजपीपला में हिन्दी विषय के अध्यापक का स्थान रिक्त है – आप अपना आवेदन–पत्र भेजिये। ७

अथवा

(ब) आपके एक भागीदार की मृत्यु के कारण दुकान का नाम परिवर्तित करना आवश्यक हो गया है। उक्त संबंध में अपने ग्राहकों को सूचित करते हुए परिपत्र लिखिए।

५ (अ) मनोरमा स्टोर्स, सूरत को एक लाख रुपये मूल्य के रेडीमेड कपड़े का भेजा हुआ आदेश आप समाप्त करना चाहते है, कारणों सहित आदेश निरसन पत्र भेजिये। ८

अथवा

(अ) निशांत केमिकल लि. कंपनी की वार्षिक सामान्य सभा का कार्य–विवरण तैयार कीजिए।

(ब) निम्नलिखित अंग्रेजी शब्दों में से किन्हीं आठ के पारिभाषिक रुप लिखिए ८

(१) Account

(२) Finance

(३) Fond

(४) Dealer

(५) Claim

(६) Audit

(७) Order

(८) Cash

(९) Agenda

(१०) Minutes

(क) निम्नलिखित गद्यांश का एक तिहाई में संक्षेपण करते हुए, उसे उचित शीर्षक दीजिए। ५

''प्रेम एक ऐसी अलौकिक शक्ति है, जिससे मनुष्य को अनन्त लाभ होते हैं। प्रेम से मानसिक विकार दूर होते हैं, विचारों में कोमलता आती हैं, सद्‌गुणों की सृष्टि होती है; दुःखों का नाश और सुखों की वृद्धि होती है और यहाँ तक कि मनुष्य की आयु भी बढ़ती है। प्रेम ही मनुष्य को साहसी, धीर और सहनशील बना देता है। बिना प्रेम के अच्छी सुख सामग्री भी हमें तनिक भी प्रसन्न नहीं कर सकती, पर प्रेम की सहायता से हम बिना और किसी सुख सामग्री के भी परम सुखी हो सकते हैं। अतः प्रत्येक मनुष्य को अपना स्वभाव मिलनसार और प्रेमपूर्ण बनाना चाहिए।''